FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत——जिला कलक्टर मुकाम : दौसा

रीना बनाम खेमराज वगै0 .

किस्म मुकदमा—नामा. अपील सं0 22/2023

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
30.10.2023	प्रार्थना पत्र शीघ्र सुनवाई स्वीकार होने पर पत्रावली नियत तारीख पेशी से तलब की जाकर आज पेश हुई। अपीलांट रीना की ओर से श्री राजकुमार तिवाडी अधिवक्ता द्वारा पावर पेश की गई। अधिवक्ता अपीलांट की ओर से प्रार्थना पत्र बाबत राजीनामा पेश किया गया जिसमें कथन किया गया कि प्रकरण में अपीलांट रीना व रेस्पों. सं0 1 खेमराज के मध्य आपसी सहमति व स्वेच्छा से लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है तथा अपीलांट व रेस्पों. सं. 1 के मध्य राजीनामा एवं वर्तमान में कोई विवाद नहीं होने के कारण उक्त प्रकरण को आगे नहीं चलाना चाहती है। अपीलांट माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नामान्तरण अपील को इसी स्टेज पर विड्रॉ करवाना चाहती है। अतः उक्त उनवानी अपील को विड्रॉ करने के आदेश फरमावें। राजकीय अधिवक्ता ने कथन किया कि अपीलांट अपील को आगे नहीं चलाना चाहती है तथा उक्त अपील में अपीलांट किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं चाहती है। दोनों पक्षो में आपसी सहमति से लोक अदालत की भावना से राजीनामा कर लिया है। राजकीय अधिवक्ता ने उक्त उनवानी अपील को विड्रॉ किये जाने में कोई आपत्ति नहीं होना जाहिर किया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया गया। अपीलांट विचाराधीन नामान्तरण अपील को आगे नहीं चलाना चाहती है। अतः अपील अपीलांट नोट प्रेस में खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो। खुले न्यायालय सुनाया गया। सत्यमेव जयते / Web Copy - Not Official जिला कलक्टर दौसा	